चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/1700
दिनांक : 07.02.2020

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा–2020 (मुख्य परीक्षा/भूतपूर्व छात्र परीक्षा/एकल विषय/श्रेणी उन्नयन) की परीक्षायें फरवरी–मार्च, 2020 से प्रारम्भ होनी प्रस्तावित हैं।

ऐसे समस्त छात्र/छात्रा जिन्होंने उपरोक्त सन्दर्भित परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्मों का ऑन लाईन शुल्क जमा करा दिया है, ऐसे छात्र/छात्रा अपने परीक्षा फार्म को आवंटित महाविद्यालय/संस्थान में समस्त पत्राजातों सहित ऑन लाईन सत्यापन कराये जाने हेतु दिनांक 10.02.2020 तक जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात् ही बिना विलम्ब के महाविद्यालय/संस्थान समस्त परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय में जमा करायें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूच्य है कि ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्रा जिनके परीक्षा फार्म में किसी कारणवश नाम, पिता/माता के नाम, जन्मतिथि, पत्राचार के पते, सन्दर्भित शैक्षणिक बोर्ड का नाम अथवा अर्हता अंकों आदि में यदि किसी प्रकार की त्रुटि है तो वे आवंटित महाविद्यालय/संस्थान में ही समस्त सम्बन्धित पत्राजातों सहित त्रुटि का निराकरण करवाना सुनिश्चित करें।

यहाँ यह भी सूच्य है कि यदि छात्र/छात्रा के परीक्षा फार्म में यदि लिंग परिवर्तन आदि की त्रुटि है तो ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय के कमरा नं0 309 में सम्पर्क करते हुये सन्दर्भित त्रुटि का निराकरण करा सकते हैं।

07/02/2020
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. उप कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग/पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

07.02.2020
सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)